**प्रेस नोट – जनपद बिजनौर** **दिनांक – 08.08.2025**

**कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाये जाने हेतु निम्निलिखित अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख कॉलम संख्या – 03 में अंकित स्थान से कॉलम संख्या -04 में अंकित स्थान पर स्थानान्तरित किया गया है।**

| क्र0सं0 | नाम | कहां से | कहां को |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री गौतम राय | नवागत सहायक पुलिस अधीक्षक | क्षेत्राधिकारी नगर |
| 2 | श्री राकेश वशिष्ठ | क्षेत्राधिकारी नगर/अपराध/आंकिक/थाना एएचटी | क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यूपी-112/यातायात |
| 3 | श्री राजेश सिंह | क्षेत्राधिकारी अफजलगढ | क्षेत्राधिकारी अपराध/आंकिक/चुनाव/थाना एएचटी |
| 4 | श्री आलोक सिंह | क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यूपी0-112/चुनाव/जनशिकायत | क्षेत्राधिकारी अफजलगढ |

**जनपद बिजनौर**

**प्रेस नोट – थाना कोतवाली शहर**　　　**दिनांक – 08.08.2025**

## थाना कोतवाली शहर पुलिस ने अभियुक्त को अवैध शस्त्र सहित किया गिरफ्तार।

**कार्यवाही विवरण –**



थाना कोतवाली शहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त आरिश पुत्र गफ्फार निवासी ग्राम छोईया नंगली थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर को एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली शहर पर मु0अ0सं0 679/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

आरिश पुत्र गफ्फार निवासी ग्राम छोईया नंगली थाना हीमपुर दीपा जनपद बिजनौर।

**बरामदगी विवरण-**

एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 679/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1.उ0नि0 श्री संजीव कुमार थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर।
2.आरक्षी विमल कुमार थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर।
3.आरक्षी चालक पंकज कुमार थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर।

## जनपद बिजनौर

**प्रेस नोट – थाना स्योहारा** **दिनांक – 08.08.2025**

## थाना स्योहारा पुलिस ने अभियुक्त को अवैध शस्त्र सहित किया गिरफ्तार।

**कार्यवाही विवरण –**



थाना स्योहारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रईस उर्फ काला पुत्र जमील कुरैशी नि0 मौ0 जुमेरात का बाजार कस्बा व थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर थाना स्योहारा पर मु0अ0सं0 307/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

रईस उर्फ काला पुत्र जमील कुरैशी नि0 मौ0 जुमेरात का बाजार कस्बा व थाना स्योहारा जनपद बिजनौर।

**बरामदगी विवरण-**

एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 307/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना स्योहारा जनपद बिजनौर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1.उ0नि0 श्री राजेश कुमार थाना स्योहारा जनपद बिजनौर।

2.उ0नि0 श्री असखर खा थाना स्योहारा जनपद बिजनौर।

3.मुख्य आरक्षी मनोज कुमार थाना स्योहारा जनपद बिजनौर।

# BIJNOR POLICE

## माह अगस्त – 2025

## रक्षाबंधन पर्व पर बिजनौर पुलिस की अनोखी सौगात — 251 गुमशुदा मोबाइल फोन (कीमत करीब ₹50 लाख) बरामद कर मोबाइल स्वामियों को किया गया सुपुर्द।

रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई-बहन के स्नेह, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। इसी भावना को साकार करते हुए जनपद बिजनौर की सर्विलांस सेल **द्वारा विगत कुछ वर्ष के मध्य 251 गुमशुदा मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ₹ 50 लाख है,** को बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाते हुए रक्षाबंधन के अवसर पर एक अनोखी सौगात भेंट की गई है।

पीडित द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनपद के विभिन्न थानों पर मोबाइल गुमशुदगी के सम्बंध में दिये गये प्रार्थना पत्र / शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर के निर्देशन में सर्विलांस टीम द्वारा अत्याधुनिक तकनीकों की सहायता से इन मोबाइल फोनों की सफलतापूर्वक बरामदगी सुनिश्चित की गई।

आज दिनांक 08.08.2025 को पुलिस लाइन, बिजनौर स्थित सभागार में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद बिजनौर द्वारा बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत रूप से सुपुर्द किए गए। मोबाइल वापस पाने पर नागरिकों के चेहरों पर प्रसन्नता और संतोष की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर उपस्थित कई महिलाओं एवं बहनों ने भावुक होकर कहा कि रक्षाबंधन के इस पर्व पर जनपद पुलिस द्वारा उन्हें उनका खोया हुआ मोबाइल लौटाया जाना, उनके लिए किसी रक्षाबंधन का उपहार जैसा है। यह केवल एक मोबाइल नहीं, बल्कि उससे जुड़ी यादों, संपर्कों और भावनाओं की वापसी है।

# मोबाइल फोन बरामदगी के सम्बंध में थानावार विवरण –

| क्र0सं0 | थाना | बरामद मोबाइल फोन की सं0 |
|---|---|---|
| 1 | कोतवाली शहर | 104 |
| 2 | हल्दौर | 8 |
| 3 | मंडावर | 5 |
| 4 | नजीबाबाद | 10 |
| 5 | मंडावली | 1 |
| 6 | किरतपुर | 29 |
| 7 | नांगल | 5 |
| 8 | नगीना | 7 |
| 9 | नगीना देहात | 2 |
| 10 | कोतवाली देहात | 5 |
| 11 | चांदपुर | 11 |
| 12 | हीमपुर दीपा | 18 |
| 13 | शिवालाकलां | 7 |
| 14 | नूरपुर | 13 |
| 15 | धामपुर | 6 |
| 16 | स्योहारा | 6 |
| 17 | नहटौर | 9 |
| 18 | अफजलगढ़ | 1 |
| 19 | शेरकोट | 3 |
| 20 | रेहड | 1 |
| **कुल** | | **251** |

**प्रेस नोट – जनपद बिजनौर** **दिनांक - 07.08.2025**

**वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान में जनपदीय पुलिस द्वारा 05 वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.08.2025 को जनपदीय पुलिस द्वारा 05 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनका विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | नाम थाना | गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तगण का नाम व पता |
|---|---|---|
| 1 | कोतवाली देहात | रियासत पुत्र लियाकत निवासी ग्राम बनखला थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर |
| 2 | कोतवाली देहात | रियाज अहमद पुत्र हनीमूद्दीन निवासी ग्राम बनखला थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर |
| 3 | स्योहारा | शफीक पुत्र घसीटा निवासी ग्राम बुढैरन थाना स्योहारा जनपद बिजनौर। |
| 4 | कोतवाली शहर | मितल पुत्र जयराम सिंह निवासी गोकलपुर थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर। |
| 5 | कोतवाली शहर | सतपाल पुत्र मुरारी निवासी गोकलपुर थाना कोतवाली शहर जनपद बिजनौर। |
| | | |





